हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

06 134 मिलीमीटर बारिश से ही करोड़ों की सड़क में हुए गड्ढे दे रहे...



07 बाघ शावक कर रहा है नॉर्मल किलिंग शावक के ...





## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला 10 जुलाई को होगा

**नर्मदापुरम।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेला का आयोजन कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार 10 जुलाई 2025 शासकीय नर्मदा नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया जा रहा है जिसमें रोजगार एवं स्वरोजगार मेला में छात्र एवं छात्राओं का निजि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जाऐंगे एवं इच्छुक युवक एवं युवतियां निम्नलिखित लिक पर पंजीयन कर सकते हैं।

### राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आज

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम जिले के राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में 4 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में संभागायुक्त श्री तिवारी राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग , नगरीय प्रशासन एवं आवास (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा श्रम विभाग सहित) अन्य विभाग शामिल होंगे।

## एसपीएम में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला हुआ उजागर

# किसी ओर की पहचान से एक साल तक करता रहा नौकरी, बायोमेट्रिक से पकड़ा

**एसपीएम में करीब एक साल तक एक व्यक्ति फर्जी पहचान से स्टोर शाखा में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत रहा। जिसका खुलासा आईबीपीएस बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन से हुआ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में भारतीय मुद्रा का कागज बनाने वाली संवेदनशील इकाई सिक्योरिटी पेपर मिल (एसपीएम) में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। एक व्यक्ति करीब एक साल तक फर्जी पहचान से स्टोर शाखा में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत रहा। मामला तब उजागर हुआ जब मई 2025 में आईबीपीएस ने बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराया। जांच में पता चला कि दीपक कुमार नाम का यह व्यक्ति किसी अन्य की पहचान से नौकरी कर रहा था। मई माह में फर्जीवाड़ा पकड़े जाने के बाद एसपीएम प्रबंधन ने उसे तत्काल बर्खास्त कर दिया। आरोपी अपने गांव तिलहारा, नालंदा (बिहार) भाग गया।



### किसी और ने दी परीक्षा

थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि प्राप्त पत्र के अनुसार, डेढ़ साल पहले स्टोर मैनेजर पद पर हुई नियुक्ति में गड़बड़ी सामने आई है। परीक्षा किसी और ने दी थी, और नौकरी कोई दूसरा व्यक्ति कर रहा था।

### कोतवाली पुलिस जांच में जुटी

एसपीएम प्रबंधन ने 31 मई को पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसआई शरद बर्डे ने एसपीएम के कुछ अधिकारियों के बयान दर्ज किए हैं और आईबीपीएस से परीक्षा व इंटरव्यू के दौरान के बायोमेट्रिक दस्तावेज मांगे हैं। जिन्हें एसपीएम द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

### आरोपी हुआ बर्खास्त

मामले में एसपीएम ने स्पष्टीकरण जारी किया। जनसंपर्क अधिकारी संजय भावसार ने बताया कि दीपक कुमार की ऑनलाइन परीक्षा आईबीपीएस द्वारा मुंबई केंद्र पर आयोजित की गई थी। जब आईबीपीएस ने एसपीएम नर्मदापुरम में दीपक कुमार का बायोमेट्रिक सत्यापन कराया, तो वह सत्यापन में फेल हो गया। इसके बाद मई माह में उसकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई। मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है।

### ऑनलाइन होती है भर्ती प्रक्रिया

सिक्योरिटी पेपर मिल (एसपीएम) के जनसंपर्क अधिकारी संजय भावसार ने बताया कि संस्थान में सभी भर्तियां इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड पर्सनल सिलेक्शन (आईबीपीएस) द्वारा की जाती हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती विज्ञापन के बाद उम्मीदवार सीधे आईबीपीएस को ऑनलाइन आवेदन करते हैं। आईबीपीएस ही लिखित परीक्षा आयोजित करता है और परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों का बायोमेट्रिक विवरण लेता है। आवेदन से लेकर अंतिम चयन तक की पूरी प्रक्रिया आईबीपीएस द्वारा संपन्न की जाती है। चयनित उम्मीदवारों की सूची प्राप्तांकों के साथ एसपीएम को भेजी जाती है। इसके बाद एसपीएम दस्तावेज सत्यापन के लिए उम्मीदवारों को बुलाता है। सत्यापन के बाद ही अस्थायी नियुक्ति दी जाती है। परिवीक्षा अवधि में शैक्षणिक, जाति, अनुभव प्रमाणपत्र और पुलिस वेरिफिकेशन संबंधित संस्थानों से कराया जाता है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने पर ही कर्मचारी का स्थायीकरण किया जाता है।

## बलात्कार के दोषी को न्यायालय ने सुनाया 10 वर्ष का कारावास

### द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश अभिनव कुमार जैन के न्यायालय में एक बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा 1000-1000/- के अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही अभियोक्त्री को पुर्नवास के साथ साथ मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु धारा 357-क द्प्रस के अनुपालन में राशि 25000 दिलाए जाने के आदेश पारित किए गए। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्री मनोज कुमार चौरे द्वारा की गई । मामला 4 दिसंबर 2022 का है जब अभियोक्त्री ने थाना देहात में एक शिकायत आवेदन पत्र दिया कि उसके पति की मृत्यु 2021 में हो गई तब से उसके ससुराल वाले उसे अच्छे से नहीं रखते है।

अभियोक्त्री ने बताया कि दरमियान उसके जेठ का लडका प्रीतम मीना उसके कमरे में आकर गलत काम किया। उक्त शिकायत आवेदन के आधार पर देहात थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसका विचारण द्वितीय सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर प्रस्तुत साक्षियों को परीक्षित कराया गया जिनके कथनों पर विश्वास करते हुए माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दस वर्ष एवं अर्थदंड से दंडित किया गया ।

### नाप-तौल उपकरणों की जांच में अनियमितता पाए जाने पर फुटकर विक्रेताओं पर हुई कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी के निर्देशानुसार जिले के हाट बाजारों एवं फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं द्वारा उपयोग में लाए जा रहे नाप-तौल उपकरणों की सघन जांच की गई। इस कार्रवाई के तहत श्री सलिल ल्यूक, सहायक नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान, नर्मदापुरम एवं श्री राहुल खिड़वरकर, सहायक ग्रेड-3 द्वारा विगत सप्ताह नर्मदापुरम शहर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर विक्रेताओं के नाप-तौल उपकरणों की जांच की गई। जांच के दौरान कई विक्रेताओं द्वारा नियमों का पालन न करते हुए अनधिकृत पत्थर के बाट उपयोग में लाए जाने पर उन्हें तुरंत पत्थर के बाट का उपयोग बंद करने तथा सही और प्रमाणित तौल करने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान नियम विरुद्ध पाए जाने पर पांच अभियोजन प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं।

## विद्यार्थियों को दी सहकारिता के सिद्धांतों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

1 जुलाई से 06 जुलाई तक अंर्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कम में गुरूवार को उपायुक्त सहकारिता की उपस्थिति में महाराणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल रोहना में छात्र-छात्राओं को सहकारिता के सिध्दांत, सहकारी सोायटी के पंजीयन, निर्वाचन व कार्यकलापों की जानकारी दी गई व उनके समूह बनाकर डमी बोर्ड की कार्यवाही का प्रदर्शन उनसे कराया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पैक्स रोहना के प्रबंधक गोविंद एवं पैक्स सांवलखेडा द्वारा सहभागिता दी गई। कार्यक्रम पश्चात छात्र-छात्राओं को सोसायटी में विजिट करने हेतु आमंत्रित किया गया। विपणन सहकारी सोसायटी बानापुरा में उपायुक्त सहकारिता व शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में टी.एस.पी. व यूरिया का कांबिनेशन अपनाने, मूंग फसल के विकल्प में उड़द, मक्का लेने का सुझाव दिया।

## विधायक ने दी नव नियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बधाई, बोले संगठन होगा और मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विजयपाल सिंह ने मप्र भाजपा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को गत दिवस भोपाल पहुंचकर बधाई दी है। सिंह ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में हेमंत खंडेलवाल का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह व सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं ने भोपाल पहुंचकर खंडेलवाल का स्वागत व सम्मान किया।

विधायक सिंह ने बताया कि भाजपा मप्र अध्यक्ष, बैतूल से पूर्व सांसद, कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट न्यास मप्र के अध्यक्ष, पूर्व भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान में बैतूल से हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा पर कार्य करने के संकल्प को आगे



बढ़ाएगी।वहीं इस अवसर पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भाजपा मप्र अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक दक्षता एवं व्यापक अनुभव से पार्टी संगठन प्रदेश में और सुदृढ़ होगा।

## कलेक्टर ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, तत्काल निराकरण के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने विकासखंड सोहागपुर के ग्राम पंचायत पथराई एवं जमुनिया का सघन भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने समग्र ई केवाईसी, पीडीएस ई केवाईसी, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्रेशन आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने चौपाल लगाकर ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को समस्याओं के



समाधान के लिए यथा उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जमुनिया के ग्राम वासियों द्वारा बताया गया की मंदिर तक आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है जिसके कारण मंदिर जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ता है। उक्त संबंध में पटवारी द्वारा जानकारी दी गई की मंदिर का रास्ता निजी भूमि से होकर जाता है। तत्संबंध में कलेक्टर ने तहसीलदार, सचिव, जीआरएस तथा पटवारी को निर्देशित किया कि संबंधित किसान से समन्वय कर प्रयास करे।

## शास. नर्मदा कालेज में हुआ दीक्षांश समरोह का समापन, प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में गुरूवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हम जब जब हम अपनी संस्कृति से दूर हुए हैं चुनौतियों से जूझते रहे हैं सामाजिक चुनौतियों के लिए हमारी शिक्षा व्यवस्था का जर्जर होना जिम्मेदार है। वर्तमान में मैकाले की शिक्षा नीति ने बेरोजगारी, सीमित ज्ञान, रटन विद्या और अकुशल युवाओं की फौज खड़ी कर दी वहीं नई शिक्षा नीति प्रत्येक विद्यार्थी को ज्ञान के साथ कौशल से जोड़ती है जो उसे रोजगार या स्वरोजगार की ओर



ले जाता है। फिर भी नैतिक उत्थान के लिए विद्यार्थियों को रामायण महाभारत और श्रीमद् भागवत गीता का अध्ययन करना और उनके आदर्शों को आत्मसात करना सबसे ज्यादा जरूरी है ।डॉ मीना कीर ने प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित, त्रुटि सुधार ,प्रवेश शुल्क और परीक्षा पैटर्न के साथ प्रोत्साहन, मेधावी, जनकल्याण, संबल, लाडली लक्ष्मी योजना, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण ,पोस्ट मैट्रिक और शोध छात्रवृत्ति आदि पर विस्तृत चर्चा की। डॉ एन आर अडलक ने पुस्तकालय की व्यवस्था, और कार्यप्रणाली पर अपना वक्तव्य केंद्रित किया। इस अवसर पर डॉ कल्पना विश्वास, डॉ कमल चौबे, डॉ अमिता जोशी, डॉ सुमन यादव, डॉ जय श्री नंदनवार ,डॉ केवल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जिले को स्माइल योजना में शामिल करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सामाजिक कार्यकर्ता एवं मुस्कान संस्था व खाटू श्याम रसोई के संचालक मनीष ठाकुर ने भारत सरकार की स्माईल योजना को नर्मदापुरम जिले में लागू करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि ठीक उसी तरह यह योजना भोपाल में सशक्तिकरण एवं पुनर्वास के लिए लागू है, उसी तरह इसे इटारसी और नर्मदापुरम में भी लागू किया जाए ताकि यहां भी हकदारों को उनका हक दिया जा सके। स्माईल योजना उद्देश्यः सम्मान के साथ पुनर्वास की व्यवस्था, समाज में भिक्षावृत्ति समाप्त करना, कौशल विकास व स्वावलंबन के जरिए आजीविका सुनिश्चित करना। वर्तमान में यह योजना केवल राजधानी भोपाल व कुछ चुनिंदा प्रमुख स्थलों पर लागू है, जबकि नर्मदापुरम धार्मिक, सामाजिक और भूगोलिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की मां नर्मदा की पावन धारा, राजराजेश्वरी माता मेला, नर्मदा कॉरिडोर जैसे आयोजन देशभर से श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं वहीं, इटारसी जंक्शन के कारण बाहर से बड़ी आबादी का रोज आना-जाना होता है। ऐसे स्थलों पर भी भीख मांगने जैसी गतिविधियां सामाजिक वातावरण और धार्मिक आस्था को आहत करती हैं और सरकार की योजनाओं के महत्व को कम करती हैं और यहां की छवि भी प्रभावित होती है।

## सीएमएचओ ने नए जिला अस्पताल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में आईटीआई रोड पर बन रहे निर्माणाधीन जिला अस्पताल का सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत द्वारा गुरुवार को निरीक्षण किया गया, सीएमएचओ डॉ गेहलोत ने निर्माण कार्य में लग रही सामग्री एवं साइड इंजीनियर से सामग्री गुणवत्ता की रिपोर्ट को देखा, सीएमएचओ ने नए जिला अस्पताल में 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक यूनिट एवं 150 बिस्तरीय एमसीएच यूनिट का बारीकी से अवलोकन किया जो संभवतः माह अक्टूबर 2025 में बनकर पूर्णतः तैयार हो जाएंगे,नए जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक यूनिट स्थापित होने से



कोविड जैसी महामारी के कारण पूरे अस्पताल में अन्य स्वास्थ्य गतिविधियां निरंतर रहेंगी एवं कोविड या अन्य महामारी से प्रभावितों को सीधे इस ब्लॉक में उपचार किया जा सकेगा, इस ब्लॉक में रेडियोग्राफी जैसी जांचे होने के कारण इमरजेंसी मरीज को सीधे इस ब्लॉक में ले जाया जाएगा जिससे अस्पताल का अन्य हिस्सा इससे अलग होगा जिस कारण जिला अस्पताल में प्रदान की जाने वाली अन्य सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी, डॉ गेहलोत द्वारा नए जिला अस्पताल में पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्य किया गया, इस अवसर विभागीय उपयंत्री, कार्यालयीन स्टाफ के साथ साथ अस्पताल के निर्माण कार्य लगे साइड इंजीनियर उपस्थित रहे।

## 3 अलग-अलग बैच कफ अगेंस्ट टीबी का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में 3 अलग अलग बैच में जिले में कार्यरत 143 सीएचओ एवं टीबी सुपरवाइजरों को कफ अगेंस्ट टीबी का प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तर से डॉ प्रज्ञा दुबे, डॉ संजय पुरोहित डीएलओ एवं विशेष दुबे डीपीसी द्वारा बताया गया कि वाधवाई ए आईं द्वारा सेंट्रल टीबी डिविजन के निर्देशानुसार कफ अगेंस्ट टीबी एआई स्क्रीनिंग टूल बनाया है।

यह टूल लक्षणों और सह-रुग्णताओं के साथ खांसी की ध्वनि का विश्लेषण करता है तथा पल्मनरी टीबी के लिए कम लागत वाली, पॉइंट-ऑफ-केयर स्क्रीनिंग टेस्ट प्रदान करता है। प्रशिक्षण में समस्त टीबी सुपरवाइजरों एवं सीएचओ को बताया गया कि कैसे एप द्वारा कफ की ध्वनि से पता चल जाएगा कि मरीज टीबी रोग से पीड़ित है या नहीं।

### 5 हजार वर्ग फीट जमीन पर मंदिर लेगा रूप

## कालीबाड़ी निर्माण के लिए डा शर्मा ने दान की भूमि रोहना में होगा माता महाकाली के भव्य मंदिर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में कालीबाड़ी माता महाकाली के मंदिर के निर्माण के लिए सेमेरिटंस ग्रुप आफ स्कूल के संचालक और जगन्नाथ मंदिर के ठाकुर राजा डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार 3 जुलाई गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि को साढ़े पांच हजार हजार वर्ग फीट जमीन दान की।

उक्त जमीन सिवनी मालवा रोड पर स्थित ग्राम रोहना में स्थित है। ज्ञात रहे कि लंबे समय से शहर में काली बाड़ी निर्माण को लेकर चर्चा चल रही थी, किंतु यह कार्य नहीं हो पा रहा था। पिछले दिनों बंगाली समाज के कुछ वरिष्ठ लोगों ने डा शर्मा से इस बारे में चर्चा की तो



उन्होंने सहर्ष भूमि दान करने का विचार व्यक्त किया। गुरुवार शाम उक्त भूमि पर ही पहुंचकर डॉक्टर शर्मा ने आचार्य रश्मि रंजन पाणि के आचार्यत्व में भूमि दान का संकल्प किया।

मंदिर में माता की प्रतिमा शहर के संगीतकार संतूर वादक चंदन मंडल की बेटी माही दान करेंगी। इस बात का संकल्प भी डॉक्टर चंदन मंडल ने किया। संकल्प के समय बंगाली समाज के वरिष्ठ मदनपाल, चंदन मंडल, सौमिक दत्ता, प्रमोद शर्मा और अमित महेश्वरी भी उपस्थित थे।

### धार्मिक आयोजन जारी

डा शर्मा द्वारा लगातार धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। पिछले दिनों करोड़ों रुपए की लागत से डोंगरवाड़ा में जगन्नाथ मंदिर निर्माण कराया गया। उसके बाद गुरुकुल के पास स्थित दत्त मंदिर का जीर्णोद्धार उनके द्वारा कराया गया। हाल ही में गैरेज लाइन में भी एक मंदिर का निर्माण उनके द्वारा कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त छोटी पहाड़िया स्थित माता जी का मंदिर, सांगाखेड़ा का हनुमान मंदिर, नवीन जेल के सामने वाली कालोनी का हनुमान मंदिर, विद्यालय में सरस्वती मंदिर सहित कोई एक दर्जन से अधिक मंदिरों का निर्माण उनके द्वारा कराया जा चुका है।

## पुलिस विभाग में हुए तबादले जितेंद्र पाठक होंगे एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में गुरुवार देर शाम राज्य पुलिस सेवा (डीएसपी) स्तर के 114 अधिकारियों के तबादले किए गए। नर्मदापुरम जिले से दो एसडीओपी का ट्रांसफर हुआ है, वहीं दो नए अधिकारियों की पदस्थापना की गई है।स िवनी मालवा में महेंद्र सिंह चौहान, नर्मदापुरम में जितेंद्र पाठक महेंद्र सिंह चौहान, जो अब तक पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय, भोपाल में उप पुलिस अधीक्षक थे, को कार्यवाहक एसडीओपी सिवनी मालवा बनाया गया है।

जितेंद्र कुमार पाठक, कार्यवाहक उपुअ अअवि पुमु भोपाल, को एसडीओपी नर्मदापुरम पदस्थ किया गया है। नर्मदापुरम एसडीओपी पराग सैनी का ट्रांसफर सहायक पुलिस आयुक्त,





आसूचना, नगरीय पुलिस इंदौर के लिए किया गया है। वे अप्रैल 2022 से नर्मदापुरम एसडीओपी थे। उनके कार्यकाल में साइबर फ्रॉड के एक केस में 1 करोड़ रुपए की रिकवरी हुई थी। अजाक डीएसपी कुंवर सिंह मुकाती को एसडीओपी बरेली, रायसेन पदस्थ किया गया है।

महेंद्र सिंह चौहान पूर्व में इटारसी में एसडीओपी रह चुके हैं। कुछ महीने पहले उन्हें आईजी कार्यालय भोपाल में डीएसपी के रूप में पदस्थ किया गया था। अब सिवनी मालवा में एसडीओपी के रूप में वापसी हुई है।

**खबर संक्षेप**

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बैतूल।** बैतूल मंडी में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर की बुधवार रात इंदौर हाईवे पर खेड़ी के पास सडक़ हादसे में मौत हो गई। गढ़ा गांव निवासी सुनील परते (30) को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी के संचालक रोहित अग्रवाल ने बताया कि रात को एंबुलेंस से फोन आने पर हादसे का पता चला। सुनील रात को बाइक से गांव लौट रहा था। खेड़ी स्थित वाइन शॉप के पास हाइवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचित किया और घायल सुनील को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत,1 घायल

**बैतूल।** बैतूल-इंदौर हाईवे पर देवगांव के पास बुधवार देर रात एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों मजदूरी से लौट रहे थे। घायल को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मृतक की पहचान हरिराम लक्ष्मण धुर्वे (20) के रुप में हुई है, जो झल्लार थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह अपने दोस्त दिनेश के साथ हरदा से मजदूरी कर लौट रहा था। देवगांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश दूर जा गिरा और घायल हो गया। हादसे के बाद दिनेश ने हरिराम के पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी और एम्बुलेंस बुलवाई। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने हरिराम को मृत घोषित कर दिया। दिनेश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### एक पखवाड़े में डामर सड़कों की हालत खस्ता, वाहन चालक हो रहे घायल

# 134 मिलीमीटर बारिश से ही करोड़ों की सड़क में हुए गड्ढे दे रहे 'जख्म'



**संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल**

मानूसन को आए अभी एक पखवाड़ा ही हुआ है और बैतूल शहर में मात्र 134.4 मिमी बारिश दर्ज की गई, इतनी ही बारिश में सडक़ों की हालत खराब हो गई है। कई सडक़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिस पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इन गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से रात्रि के समय यह गड्ढे नजर नहीं आते और वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। यह हाल शहर के वार्डों की सडक़ों के ही नहीं, अपितु प्रमुख चौराहों पर भी सडक़ों में गड्ढे नजर आ रहे हैं।

वार्डों में सडक़ निर्माण के टेंडर लगे होने के बावजूद ठेकेदारों द्वारा समय पर निर्माण शुरू नहीं किया गया। जिसके कारण बारिश में अब वाहन चालकों के साथ राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल बारिश में सडक़ों की खस्ता हालत का मुख्य कारण पानी निकासी के इंतजाम नहीं होना हैं। जिसके कारण सडक़ पर पानी भर जाता है। इस वजह से यह सडक़ महज छह माह ही टिकती है और इसके बाद सडक़ पर गड्ढे हो जाते हैं। हालांकि अब जितनी भी प्रमुख सडक़ें बनाई जा रही हैं उनमें नगरपालिका द्वारा नाली निर्माण भी कराया जा रह हैं, लेकिन पानी निकासी के लिए ठीक तरह से इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

#### गड्ढों के कारण सड़क पर चलना मुश्किल

खस्ताहाल सडक़ से आमजनता परेशान है। बारिश में गड्ढों के कारण सडक़ पर चलना मुश्किल हो गया है। दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ गई है। लेकिन इन गड्ढों में डस्ट या मुरम डालकर समतल तक नहीं किया है। गंज क्षेत्र में व्यापारियों ने खुद गड्ढे भरे, वहीं कॉलेज चौक पर सडक़ पर बने गड्ढे वैसे ही है। इससे रोजाना वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह गिट्टी ने डामर छोड़ दिया है, लेकिन अन्य विकल्प नहीं होने से लोग इसी खस्ताहाल सडक़ पर चलने को विवश हैं, जबकि इस सडक़ पर प्रतिदिन हादसे हो रहे है। कभी लोग चोटिल हो जाते है तो कभी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे है।

#### प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना

शहर की मुख्य सडक़ों पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। दिन में तो वाहन चालक जैसे-तैसे सडक़ के गड्ढों से बच भी जाते है, किन्तु रात्रि में गड्ढे नजर नहीं आने से कई बार वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि शहर में सडक़ों का निर्माण तो कराया जाता है, लेकिन यह सडक़ चंद सालों में ही खराब हो जाती है। जिसके बाद इनकी मरम्मत तक नहीं होगी है। मरम्मत के अभाव में सडक़ों पर बने गड्ढों का आकार बढ़ता है और सडक़ जल्द ही खराब हो जाती है। वहीं वाहन चालक सडक़ पर बने गड्ढों से बचने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल होते है। गड्ढों के वजह से वाहनों के टकराने की भी घटनाएं अक्सर सामने आती है। बार-बार वाहन गड्ढे में जाने से वाहन में टूट-फूट हो रही है। जिससे चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### बारिश में डूब जाती हैं सड़कें

सडक़ पर पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने से बारिश के दौरान सडक़े डूब जाती है। गंज क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास बारिश में सडक़ का यहीं हाल रहता है। इसके अलावा शंकर वार्ड में फिल्टर प्लांट रोड भी पूरी तरह खराब हो चुकी है। हालांकि सडक़ का टेंडर हो चुका है। लोगों का कहना था कि पिछले साल तो डस्ट डालने से थोड़ी राहत थी, लेकिन अब पूरी सडक़ उखड़ गई है। जिससे परेशानी हो रही है। वहीं कॉलेज चौक पर बीच चौक पर सडक़ की हालत खस्ताहाल हो गई है। यहां भी चौक का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण होना है, लेकिन इस कार्य में अभी समय लगेगा। लेकिन नपा ने बारिश के पूर्व इन गड्ढों को नहीं भरवाया गया है। जिसके कारण बारिश का पानी इन गड्ढों में थम गया है और अब आम लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा है।

**इनका कहना है**

डस्ट डालकर गड्ढे भरवाने का कार्य शुरू कर दिया है। अभी गेंदा चौक क्षेत्र में गड्ढे भरे जा रहे है। इसके पश्चात अन्य स्थानों पर भी गड्ढे भरे जायेगे। जिससे बारिश के दौरान राहगीरों को सडक़ों पर चलने में परेशान न हो। इसके अलावा सडक़ों पर से पानी निकासी की भी व्यवस्था की जायेगी।

**- सतीश मटसेनिया,**
सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### मां ताप्ती जन्मोत्सव मनाया

## 5 किमी की पदयात्रा कर मां ताप्ती को चढ़ाई चुनरी



**बैतूल।** मां ताप्ती की महिमा अद्भुत है अनंत है। कई लोग वर्षो से मां ताप्ती की सेवा निस्वार्थ भावना से कर रहे है और करते रहेंगे। बोरपानी से ताप्ती घाट (कोलगांव) तक सूर्यपूत्री मां ताप्ती के जन्मोत्सव पर 5 किमी चुनरी पदयात्रा ताप्ती कलश लकर, गांव में पूजन पाठ किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला संयोजक बजरंग दल श्याम टेकपूरे ने बताया कि ग्राम में सभी ने घरों के सामने रंगोली, साज सज्जा कर यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। चुनरी पदयात्रा 108 मीटर लम्बी निकालकर, ढोल बाजे के साथ निकाली गई। पदयात्रा में बच्चे, बुढ़े, महिला,पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद थे। यात्रा का समापन ताप्ती घाट कोलगांव में आरती और भोजन प्रसादी वितरण के साथ हुआ। राकेश भरतपुरे, उमेश मालवी, अशोक भरतपुरे, गोपाल टेकपुरे, डॉ.गोकूल भरतपुरे, उमेश साहू, श्याम टेकपुरे, राम भरतपुरे, आशीष भरतपुरे, चेतन भरतपुरे, गोपाल टेकपुरे, कंचन भरतपुरे, सरिता भरतपुरे, लीला भरतपुरे, सुनील उइके, शत्रुघन युवने, राजेश नागले, सुखनंदन युवने, मीरा उइके, हीरा उइके, गीता उइके, पार्वती नागले, रंगो बाई, बलदेव उइके आदि मौजूद थे।

### सांसद और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** मुलताई तहसील के ग्राम ताईखेड़ा निवासी विजय धाकड़ ने मुलताई रेलवे स्टेशन पर अमरावती-जबलपुर ट्रेन के ठहराव, गरीब परिवारों को 5 किलो से बढ़ाकर 20 किलो प्रति व्यक्ति अनाज देने सहित अन्य मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। इस संबंध में श्री धाकड़ ने गुरुवार को सांसद और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उनका का कहना है कि मुलताई एक धार्मिक, शैक्षणिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कस्बा है। यहां से बड़ी संख्या में लोग अमरावती, नागपुर, छिंदवाड़ा, जबलपुर जैसे शहरों में आते-जाते हैं। यह ट्रेन क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक है, लेकिन स्टेशन पर इसका स्टॉपेज न होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मुलताई रेलवे स्टेशन पर अमरावती-जबलपुर ट्रेन के स्टॉपेज होना जरूरी है। श्री धाकड़ ने मप्र में विकलांग, वरिष्ठ नागरिकों और वृद्धजनों की पेंशन 600 से बढ़ाकर 3600 रूपए प्रतिमाह किए जाने की मांग की है। श्री धाकड़ ने मप्र में वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों और गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले जरूरतमंद परिवारों को मिलने वाले मुफ्त अनाज की मात्रा बढ़ाकर 5 किलोग्राम अनाज की जगह प्रत्येक पात्र व्यक्ति को 20 किलोग्राम अनाज प्रति माह दिए जाने की मांग की है।

### एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह 6 को

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वाधान में देवशयनी, हरिशयनी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन 6 जुलाई दिन रविवार को तुलसी भवन विनोबा नगर बैतूल में शाम 6 बजे से आयोजित की जाएगा। प. पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया देवशयनी एकादशी को हरिशयनी, पदमा, आषाढी एकादशी भी कहा जाता है। इस एकादशी तिथि से भगवान विष्णु क्षीरसागर में विश्राम करने के लिए चले जाते हैं। करीब 4 महीने के लिए भगवान विष्णु आराम करते हैं इसलिए इसे चातुर्मास भी कहा जाता है। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इस दौरान धरती का संचालन भगवान शिव के रुद्र अंश करते हैं।

## प्रदेश की सुख व समृद्धि के संकल्प के साथ सांसद बंटी साहू की पदयात्रा पहुंची चिखली

### कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण, सुरक्षा का दिलाया संकल्प



**बैतूल।** प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा छिंदवाड़ा से दादाजी धूनी वाले धाम, खंडवा के लिए निकाली गई पदयात्रा गुरुवार को बैतूल जिले के ग्राम चिखली पहुंची। यात्रा के ग्राम देवगांव आगमन पर एसडी कॉलेज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक सदस्यद्वय श्री रेवती प्रसाद सरले एवं श्री मदन महाजन, संस्था अध्यक्ष डॉ. ललित सरले तथा संचालक डॉ. आशीष महाजन ने सांसद बंटी साहू एवं अन्य पदयात्रियों का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत करते हुए पवित्र निशान की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात कॉलेज परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सांसद श्री साहू ने पौधा लगाकर सभी को पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पदयात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देने का अवसर भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सक्रिय योगदान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा, पांढुर्ना सहित पूरे प्रदेश की जनता की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए सांसद बंटी विवेक साहू छिंदवाडा से पांढुर्ना होते हुए खण्डवा तक 411 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे है। यह सांसद श्री साहू की चौथी और सबसे लंबी पदयात्रा है। इससे पहले वे जामसांवली तक 61 किमी, महादेव तक 34 किमी और रामेश्वर धाम तक 22 किमी की पदयात्रा कर चुके हैं।

## बीज अंकुरित नहीं होने से किसानों की फसल बर्बाद, 18 हजार मुआवजे की

### जिला कांग्रेस कमेटी ने आमला तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल**

आमला तहसील में कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को वितरित किया गया सोयाबीन का बीज अंकुरित नहीं हुआ, जिससे किसानों की खरीफ की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष छन्नू बेले के नेतृत्व में किसानों ने आमला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बीज अंकुरित नहीं होने से किसानों को फसल मुआवजा प्रति हेक्टेयर 18 हजार की राशि दिए जाने तथा कंपनी मालिक पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री बेले ने बताया जिले के आमला ब्लॉक में किसानों को बीज वितरित किया गया था, लेकिन बीज की गुणवत्ता इतनी खराब निकली कि जमीन में बुवाई के बाद भी अंकुरण नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि यह बीज उन्नत उत्पादन और किसान हित में वितरित किया था, लेकिन अब यह बीज किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। फसल पूरी तरह चौपट होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसकी जानकारी लगने पर कृषि विभाग के अधिकारी ने सिर्फ पंचनामा तैयार किया है, मुआवजा संबंधी कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग द्वारा बिना गुणवत्ता जांच के किसानों को जो बीज वितरित किया गया, वही इस नुकसान की मुख्य वजह है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और किसानों को त्वरित राहत देने की मांग की है। प्रभावित किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द मुआवजे और दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष छन्नू बेले विश्राम उईके, ओम दास शेषकर, देवराम चौकीकर, दिलीप रावत, रमेश दामले, भोजराज, महेश, धनलाल नागले, सुखदेव नारे, रामदयाल राठौर, दिलीप रावत, दिनेश, देवराव चौकीकर सहित अन्य किसान शामिल है।

### फसल बीमा के लिए संदेश

## किसानों को जागरूक करने नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**बैतूल।** बैतूल जिले में खरीफ फसलों का बीमा 1 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। जिसके क्रियान्वयन के लिए जिले के समस्त विकासखण्डो में फसल बीमा सप्ताह 1 से 7 जुलाई तक चलेगा। इसके साथ ही एसबीआई जनरल इंश्यूरेंस कंपनी द्वारा सभी तहसील में 3 से 6 जुलाई तक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा है। बैतूल तहसील के बडोरा कृषि उपज मंडी में गुरूवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर किसानों को जानकारी दी गई कि फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने की इच्छुक अऋणी किसान अपनी निकटतम बैंक शाखा, सहकारी समिति, जन सेवा केंद्र (सीएससी) एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड सकते हैं। अऋणी कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज-बैंक पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बही एवं बटाईदार किसान या किराए पर ली गई, भूमि के लिए मलिक द्वारा शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य है।



### अवैध टोल वसूली के विरोध में 10 को प्रदर्शन

**शाहपुर।** गुरुवार को एसएस मैरिज गार्डन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों का अहम मुद्दा यह था कि टोल की वसूली जायज नहीं की जा रही है। गरीब लोगों से टोल जबरदस्ती वसूल कर हमारा आर्थिक स्तर गिराया जा रहा है। इसी विषय को लेकर लगभग 50 ग्राम के ग्रामीण जो 20 किलोमीटर टोल दायरे के क्षेत्र में आते हैं सभी के द्वारा एक ही आवाज उठाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। हाईवे पर लाइट व्यवस्था भी शुरू नहीं हुई है एवं गार्डनिंग भी नहीं की गई है। एप्रोच रोड का भी निर्माण नहीं किया गया है, फिर भी टोल चालू कर दिया गया। सभी लोगों को दिनभर शाहपुर, भौरा जाना ही पड़ता है। कब तक टोल देते रहेंगे। इसी बैठक में ग्राम भौरा के राजा धुर्वे उपस्थित हुए। उन्होंने भी अपनी बात विचारों के माध्यम से कहीं। बैठक में विशेष रूप से कुंडी ग्राम पंचायत के सरपंच वीरेंद्र सिंह उईके भी शामिल हुए।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री पांसे सहित अनेक अतिथियों ने लिया भाग

# ताप्ती जन्मोत्सव पर महाआरती से जगमगाया घाट





**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई**

ताप्ती आरती घाट पर ताप्ती जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष होने वाली महाआरती संपन्न हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हाथों में आरती थाल लेकर मां ताप्ती की आरती उतारी। हजारों हजार हाथों में सजे मां ताप्ती आरती थाल और थालो में जलते दीप अनुपम छटा बिखेर रहे थे, जिसे देखने के लिए उमड़ी लाखों की भीड़ इस अनुपम दृश्य की गवाह बनी। पंडित हनुमान प्रसाद दुबे द्वारा महाआरती की विधि पूर्ण कराई। ताप्ती सेवा मंडल द्वारा आयोजित इस महा आरती में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे, कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुप्रिया यादव, पूर्व मध्य प्रदेश रोजगार निर्माण बोर्ड अध्यक्ष हेमंत विजय राव देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने मां ताप्ती की आरती कर मान्यता अनुसार पुण्य फल की प्राप्ति की। ताप्ती जन्म उत्सव पर ताप्ती कुंड परिक्रमा क्षेत्र दुल्हन की तरह सजाया गया था जगह-जगह बैलून पुष्प और लाइटिंग व्यवस्था के चलते ताप्ती परिसर अत्यंत आकर्षक दिखाई दे रहा था। जन्मोत्सव पर देर रात तक मां ताप्ती सरोवर पर दुग्ध अभिषेक करने वालों का ताता लगा रहा पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने भी मां ताप्ती की पूजा अर्चना कर ताप्ती सरोवर में मां ताप्ती का दुग्ध अभिषेक किया और अनेक भंडारा प्रसादी स्टालों से अपने हाथों से प्रसादी वितरण की ।

### 28 वर्षों से हो रही है मां ताप्ती सेवा मंडल की आरती

ताप्ती सेवा मंडल नगर का सबसे प्राचीन मां ताप्ती की सेवा से जुड़ा मंडल माना जाता है जिसने ताप्ती गेट, निर्माण, बाराद्वारी सुधार एवं मंदिरों घाटो के सुधार के साथ मां ताप्ती की महिमा को जन-जन तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज से 28 वर्ष पूर्व ताप्ती सेवा मंडल ने आरती घाट पर प्रतिदिन नियमित आरती एवं ताप्ती जन्म उत्सव पर भव्य महा आरती की आधारशिला रखी थी तब से लेकर अब तक ताप्ती तट पर नियमित प्रतिदिन मां ताप्ती की आरती की जाती है और ताप्ती जन्मोत्सव पर भव्य महा आरती का आयोजन होता है। आरती घाट के पुजारी हनुमान प्रसाद दुबे बताते हैं कि आज से 28 वर्ष पूर्व स्वर्गीय प्रदीप खंडेलवाल, तुकाराम कडुकार, अनिल अग्रवाल, स्वर्गीय भुरु मामा, कृष्णा साहू, सुरेश पवार आदि ने ताप्ती तट पर प्रतिदिन आरती के आधारशिला रखी थी तब से अब तक मां ताप्ती की आरती बगैर नागा हो रही है। यह हनुमान प्रसाद बताते हैं कि आरती की नियमितता बनाए रखने में दिक्कत तो अनेक आई किंतु मां ताप्ती के आशीर्वाद से आंधी हो या तूफान वर्षा हो या कोरोना किसी भी परिस्थिति में ताप्ती तट की आरती कभी नहीं रुकी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी**




सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से 16 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार और अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह ने सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों को विभाग की ओर से शाल श्रीफल और मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त हुए अशोक बागडे, दिनेश कुमार शर्मा, गुलाब राव पांसे, विजय कुमार मालवीय, विनायक राव पडलक, युगराज माकोडे, गोविंदराव पाटनकर, रघुनाथ देशमुख, जगदीश प्रसाद गौर, बलराज मालवीय, रामराव राने, रमेश गव्हाडे,जय प्रकाश बचले, रामाधार पाटील, सहदेव धोटे सहित सभी कार्मिकों का पुष्प गुच्छ से स्वागत महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन नरेश पनवार ने किया। इसके साथ ही 15 सदस्यों को स्व सुरक्षा निधी समिती की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बाबा मठारदेव की कृपा सदैव बनी रहे। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता डीपी मिश्रा, यूपी एस सिकरवार, ज्योति गायकवाड, उल्हास देशमुख, अविनाश सिंह, पीयूष गुप्ता मुख्य रसायनज्ञ, हर्षल नखाते,चेतन कुशवाह, कपिल बंसोड उपस्थित थे। स्व सुरक्षा निधी समिति के सचिव अम्बादास सूने ने बताया कि समिती 1975 से कार्मिकों के हित में कार्य कर रही है। समिती के नियमित सदस्य का आकस्मिक निधन होने पर आश्रित परिवार को रूपए 75 हजार का आर्थिक सहयोग तत्काल प्रदान किया जाता है। आई सी यू में एडमिट होने पर साठ हजार रुपए का आर्थिक सहयोग उपचार के लिए बिना ब्याज के दिया जाता है, जो 12 किश्त में वेतन से कटौती कर समायोजित किया जाता है।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## संक्षेप खबर

### ज्ञान रत्न अकादमी में हुआ शपथग्रहण समारोह




**सिवनी मालवा।** ज्ञानरत्न अकादमी में 10-वा शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रौनक जैन के द्वारा सरस्वती पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हेड बॉय रुषित चतर एवं हेड गर्ल भूमि गौर और चुने हुए मिनिस्टर विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के पालक गण भी उपस्थित थे। शाला की प्राचार्य रीना लुइस मुख्य अतिथि रौनक जैन ने मिनिस्टर छात्र-छात्राओं को बैचेस पहनाए। वर्ष भर अपने कर्तव्यों का पालन करने का उत्तरदायित्व उन्हें सौपा गया। प्राचार्य द्वारा स्कूल विद्यार्थियों को स्कूल के आदर्श एवं नैतिक मूल्य से प्रेरित किया गया कार्यकर्म का संचालन महिमा रघुवंशी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका पूजा रघुवंशी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### चौकीदारों पर हमला करने वाले बाघ शावक की मॉनीटरिंग की गई जारी

# बाघ शावक कर रहा है नॉर्मल किलिंग शावक के आसपास पैदल गश्ती की बंद

चौकीदारों पर हमला करने वाले बाघ शावक की मॉनिटरिंग जारी है। ढाई वर्षीय बाघ शावक ने दो चौकीदारों पर हमला किया था। इसके बाद राजधानी स्तर से मिले निर्देशों व रिजर्व एफडी राखी नंदा के आदेश अनुसार पिछले दिनों ही बाघ शावक को कॉलर आईडी लगाई गई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में दो चौकीदारों पर हमला करने वाले बाघ शावक की मॉनिटरिंग जारी है। उल्लेखनीय की बाघ के आसपास पैदल गश्ती बंद की गई है। तथा कॉलर आईडी लगाकर बाघ शावक पर नज़र रखी जा रही है।

हरिभूमि ने मामले में गुरुवार को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद से चर्चा की। जामोद ने बताया कि मई माह के अंतिम सप्ताह एवं जून माह के द्वितीय सप्ताह में लगभग दो से ढाई वर्षीय बाघ शावक ने दो चौकीदारों पर हमला किया था। इसके बाद राजधानी स्तर से मिले निर्देशों व रिजर्व एफडी राखी नंदा के आदेश अनुसार पिछले दिनों ही बाघ शावक को कॉलर आईडी लगाई गई। आईडी लगाकर शावक को कोर क्षेत्र में ही छोड़ दिया गया एवं अब इसकी कोर क्षेत्र में गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जामोद ने बताया कि फिलहाल कोर क्षेत्र में पर्यटन बंद है। जिसके चलते बाघ की मॉनिटरिंग में काफी आसानी हो रही है।

#### हाथी व जिप्सी से निगरानी

रिजर्व मैदानी कर्मचारियों ने बताया कि बाघ शावक की सक्रियता के क्षेत्र में पैदल गश्ती पूरी तरह बंद कर दी गई है। एवं इसकी मॉनिटरिंग के लिए मात्र हाथियों एवं जिप्सी का उपयोग किया जा रहा है। बाघ शावक की सक्रियता के क्षेत्र में जहां तक जिप्सी जा सकती है वहां वाहन से मॉनिटरिंग की जा रही है। यदि बाघ घाटी क्षेत्र में एवं बरसात के कारण जल में डूब चुके रास्तों के आसपास सक्रिय रहता है, तब हाथी से इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। लगातार एंटीना रखे टीम बाघ शावक पर नजर रख रही है।

#### कर रहा नॉर्मल किलिंग

जानकारी अनुसार मानवीय सक्रियता से दूर बाघ शावक नॉर्मल किलिंग कर रहा है अर्थात सामान्य रूप से शावक शिकार कर रहा है। एसटीआर सूत्रों ने बताया कि बुधवार को शावक ने एक शिकार किया व दो दिन से वह शिकार के आसपास ही है। जिसके चलते इसकी मॉनिटरिंग में आसानी हो रही है। रिजर्व प्रबंधन खुश है कि बाघ शावक ने पलायन की प्रकृति नहीं दिखाई है व यह कोर क्षेत्र में बना हुआ है। नॉर्मल शिकार की आदत विकसित होने पर इसकी मनुष्यों से दूरी संभव हो सकती है।

## ट्रेन में मिली नाबालिग बालिका को उसके परिजनों से मिलवाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे सुरक्षा बल इटारसी ने ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत एक नाबालिग बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर एक सराहनीय उदाहरण पेश किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 11078 जम्मूतवी एक्सप्रेस में इटारसी से खंडवा तक अनुरक्षण ड्यूटी कर रहे प्रधान आरक्षक राजेश एवं आरक्षक जसवंत सिंह को गस्त के दौरान कोच संख्या S/7 में एक 15 वर्षीय बालिका अकेली बैठी हुई मिली। पूछताछ करने पर बालिका ने बताया कि वह ग्राम नाहरपुर, इलाहाबाद की रहने वाली है और घरवालों से नाराज़ होकर घर छोड़कर आ गई है। बालिका के परिजनों द्वारा इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। आरपीएफ स्टाफ द्वारा तत्परता दिखाते हुए बालिका को खंडवा आरपीएफ पोस्ट में सुपुर्द किया गया। आवश्यक कार्रवाई और दस्तावेज़ी औपचारिकताओं के बाद बालिका को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया है। आरपीएफ इटारसी द्वारा समय पर की गई इस मानवीय पहल से एक परिवार से उसकी खोई हुई बालिका पुनः मिल पायी है।

### मृदा परीक्षण प्रयोगशाला शुरू करने की मांग

**सोहागपुर।** जपं के पूर्व उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता राजकुमार रघुवंशी ने सोहागपुर क्षेत्र में बनाई गई मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को शुरू करने की मांग की है। राजकुमार रघुवंशी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। पोस्ट के अनुसार लाखों रुपए लागत से सोहागपुर उपमंडी प्रांगण में मिट्टी परीक्षण की बिल्डिंग बनाई गई है। लेकिन यह बिल्डिंग वर्षों से बंद पड़ी है। रघुवंशी के अनुसार सोहागपुर ब्लॉक में किसानों के खेत की मिट्टी के परीक्षण के लिए लाखों रूपये की बिल्डिंग क्यों बनाई गई है। रघुवंशी ने मांग की है कि यह प्रयोगशाला शुरू की जाए। ताकि किसान अपने खेतों की मिट्टी परीक्षण कराकर अच्छी उपज ले सकें।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

बजरंग दल सेवा सप्ताह में टैगोर हायर सेकेंड्री स्कूल मैदान पर फलदार पौधे रापेति कर प्रकृति संवर्धन का संकल्प लिया। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद नगर सह सेवा प्रमुख सुशील गोहर ने बताया कि बजरंग दल अपने सेवा सप्ताह 1 से 7 जुलाई निमित्त बजरंग दल नगर समिति सिवनी मालवा द्वारा विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर के मार्गदर्शन में पौधरोपण कार्यक्रम में अतिथि नपा उपाध्यक्ष शैलेंद्र गोर मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी अमर सिंह यूईके मुख्य नगर पालिका स्वास्थ अधिकारी प्रशांत शर्मा टैगोर स्कूल प्राचार्य दीपाली अवस्थी विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय दीक्षांरभ कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों ने पहचाना अपना महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले नवीन विधार्थियों का नवीन सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ हो गया है ।शासन के निर्देश अनुसार नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश उत्सव मनाए जाने हेतु तीन दिवसीय दीक्षांरभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें प्रथम दिवस 1 जुलाई को विद्यार्थियों का पंजीयन व विद्यार्थियों का परिचय व महाविद्यालय शैक्षणिक स्टाफ का परिचय उपरांत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे व महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉक्टर अमिताभ शुक्ला के द्वारा नवीन विद्यार्थियों के लिए स्वागत भाषण आयोजित किया गया। दीक्षांरभ कार्यक्रम के द्वितीय दिवस मे नवीन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा




योजना इकाई के जिला संगठक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो डी. एस. खत्री ने एन एस एस में राज्य स्तर पर चयन से संबंधित जानकारियां एवं विगत वर्ष से चालू हुई।

भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत बर्ष भर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया, डॉक्टर आकांक्षा यादव द्वारा उच्च शिक्षा विभाग में दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृतियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय के एन सी सी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर आई एस कनेश के द्वारा एनसीसी से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गई। तत्पश्चात डॉक्टर क्षमता मेहरा एवं डॉक्टर मीनू सिंह ने संपूर्ण महाविद्यालय का भ्रमण कराया व विभिन्न विभागों, क्लास रूम व कक्षा बार समय सारणी के बारे में विस्तार से बतलाया गया।

## इटारसी के होम साइंस कॉलेज में नव प्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के आदेशानुसार प्रवेश उत्सव के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने बताया दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशित छात्राओं ने संकाय एवं प्राध्यापकों का परिचय, परिसर का अवलोकन, अधोसंरचना, शैक्षणिक संरचना, परीक्षा प्रणानी का परिचय, वरिष्ट छात्राओं के साथ मेल मिलाप, विभागों एवं पाठ्यक्रमों का परिचय, प्रयोगशालाओं, कंप्यूटर प्रयोगशाला, पुस्तकालय, क्रीड़ा विभाग, महिला जिम, प्लेसमेंट सेल का अवलोकन किया।

महाविद्यालय की आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. हरजीत रंधावा ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम आदि के विषयों पर चर्चा की। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट प्रभारी श्री स्नेहांशु सिंह ने बताया कि नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नवीन परिवेश में सहज महसूस कराने तथा उन्हें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति एवं संस्कृति को सिखाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का




आयोजन किया गया। डॉ. संजय आर्य ने छात्राओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों से अवगत कराया तथा युवा-उत्सव के विषय में विस्तार से चर्चा की। डॉ. हर्षा शर्मा ने सतत व्यापक मूल्यांकन, परीक्षा, पाठ्यक्रम आदि विषयों पर चर्चा की।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट ने महाविद्यालय में संचालित खेलों से अवगत कराया। अंत में सभी प्राध्याकों ने अपना-अपना परिचय एवं अपने विभाग के विषय में जानकारी दी। सभी नवप्रवेशित छाताओं ने प्राणिशास्त्र, भौतिकशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, रसायनशास्त्र, भूगोल, कम्प्यूटर प्रयोगशाला तथा ग्रन्थालय, क्रीडा विभाग का भ्रमण किया गया।

## डीएपी किल्लत से लगी भीड़, कांग्रेस नेता राजपूत ने डबल लाक गोदाम पहुंचकर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

किसानों ने धान लगाने का काम शुरू कर दिया है लेकिन डीएपी के लिए लाइन में खड़े होना पड़ रहा है वही डबल लॉक पर डीएपी के विकल्प के रूप में एन पी के है जिसे किसान लेने को तैयार नहीं है पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव यशवंत सिंह राजपूत ने बताया मुझे कई किसानों ने फोन करके डी ए पी मिलने में समस्या बताई थी कई किसान ऐसे हैं जिनको दो दिन लाइन में लगे हो गए लेकिन उन्हें डीएपी नहीं मिला।

गोदाम प्रभारी से पारदर्शी वितरण व्यवस्था की बात की सभी किसानों को खाद दिया जाए पिछले दरवाजे से वितरण न किया जाए मैंने अपने साथियों के साथ किसानों के बीच डबल लाक पहुंच कर गोदाम प्रभारी विजय चौहान से बात की खाद वितरण की समस्याओं के निराकरण के लिए बात की एवं संबंधित अधिकारियों से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की चर्चा कराई। इसका निराकरण किया जाए।



### सेमरी में भी कार्यकर्ताओं ने जानी समस्या



**सेमरी हरचंद।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव यशवंत राजपूत किसानों के साथ खाद वितरण केंद्र डबल लॉक पहुंचे जहां सहायक प्रबंधक से उन्होंने खाद उपलब्धता की जानकारी ली एवं किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की। डबल लॉक की सहायक प्रबंधक सतीश कर से पूछने पर उन्होंने बताया कि डीएपी उपलब्ध नहीं है उसके स्थान पर किसान डीएसपी एवं टी एसपी खाद का उपयोग कर सकते हैं डीएपी की उपलब्धता होने पर किसानों को डीएपी खाद भी मिलने लगेगी।

### कॉलेज में हुआ दीक्षांत कार्यक्रम का आयोजन

**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों लिए तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव दीक्षा आरंभ कार्यक्रमकिया गया जिसमें अनुशासन और नैतिक मूल्य जीवन के अहम पहलू पर चर्चा की गई जिसमें प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी के दारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को अवगत कराने के उद्देश्य कार्यक्रम आयोजित कियाविद्यार्थी को तिलक लगाकर प्रवेश जलाया गया उसके बाददियागया प्रशासनिकअधिकारी डॉ एसके मेहरा एस के बघेल विद्यार्थियों को कक्षा में नियमित उपस्थिति गणेश पुस्तकालय की जानकारी दी एनसीसी की जानकारी दी प्रोफेसर किटी मौर्य ने एन एस एस की जानकारी विनय चौधरी ने सभी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन की जानकारी अधिकारी डॉ अनीतासेन नई जानकारीदी करियर काउंसलिंग सेल प्लेसमेंट सेल रेट रिबन रेड क्रॉस आदि के अंतर्गत सभी जानकारीदी गई अंत में विद्यार्थियों से बातचीत का सत्र रखा गया सवाल जवाब किए गए।

## ग्राम जमुनिया एवं पथरई में कलेक्टर ने किया शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण, देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

सेमरी हरचंदः-जिला कलेक्टर सोनिया मीना ने सोहागपुर विकासखंड की ग्राम जमुनिया एवं पथरई ग्राम पंचयत का तोड़ किया सबसे पहले कलेक्टर सोनिया मीना विकासखंड सोहागपुर के समस्त अधिकारियों के साथ जमुनिया के पंचायत भवन पहुंची जहां ग्राम जमुनिया की सामान्य जानकारी जिसमें ग्राम की आबादी एवं विकास कार्यों की जानकारी लेने के साथ ग्राम वासियों की समस्याएं सुनकर ग्राम पंचायत के सचिव को ग्राम की समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया साथ ही राजस्वअमले से स्वामित्व योजना की जानकारी ली पटवारी प्रियंका अवस्थी ने बताया कि स्वामित्व योजना का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है द्वितीय चरण की कार्यवाही चल रही है। कलेक्टर सोनिया मीना ने



स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी बीएमओ रेखा सिंह गौर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूजा बह्मवंशी एवं उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं से जन आरोग्य केंद्र में वितरित होने वाली दवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। आगनवाड़ी में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने कुपोषित बच्चों की जनकारी ली एवं आंगनवाड़ी में उपस्थित बच्चों से बातचीत कर उन्हें प्राप्त होने वाले पोषण आहार के विषय में पूछा एवं बच्चों से कविताएं सुनी। पीएम श्री स्कूल जमुनिया में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूल में कम दर्ज संख्या को लेकर चिंता जताई एवं स्कूल उपस्थिति बढ़ाने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया कक्षा छठवीं सातवीं के छात्र-छात्राओं से कविताएं सुनी। सातवीं कक्षा की छात्र पलक राजपूत ने विद्या ददाति विनयम विनयाद्वाति पातृता, पात्रत्वाद्धन माप्नोति धनाद्थर्मः ततः सुखम। संस्कृत के श्लोक को सुनकर कलेक्टर खुश हुई

### पचमढ़ी कॉलेज में दीक्षारंभ हुआ संपन्न



**पचमढ़ी।** महाविद्यालय में सत्र 2025-26 हेतु तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संरक्षक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस शेखर ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नियमित महाविद्यालय आने एवं अपने लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए उनका उत्सावर्धन किया। इसी के साथ ही विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों का भ्रमण भी कराया। क्रीड़ाधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने खेल प्रांगण, वॉलीबाल, बैडमिंटन कोर्ट एवं जिमनेजियम का भ्रमण कराया साथ ही वर्ष भर महाविद्यालय में होने वाली समस्त खेल गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। लाइब्रेरियन दीपाली जैन ने पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, ई-करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का भ्रमण कराया।

### नागरिक बोले-जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

# उखड़ी रेलवे स्टेशन-रेस्ट हाउस रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक डामर रोड बनाई गई थी। यह रोड नप व लोनिवि ने बनाई। लेकिन निर्माण पूर्णता के कुछ माह बाद ही डामर उखड़ने लगा है व नागरिक परेशान हैं।

नागरिकों के अनुसार रोड की क्षति बढ़ रही है। यह स्थिति पहले भी बनी थी और थेगड़े लगाकर पेचवर्क किया गया था। नप सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण दौरान भी लापरवाही की गई थी। तब भी कुछ पार्षदों ने शिकायतें की थी।

लेकिन इसके बाद भी निकाय की व्यवस्था ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तथा रोड गुणवत्ता विहीन बनी। नागरिकों ने मांग की है कि रोड की लागत तथा इसके बदले किए गए भुगतान की जानकारी सार्वजनिक की जाए। ताकि जनता को पता चले कि उनके द्वारा जमा टैक्स सड़क के नाम पर शहर के उस क्षेत्र में बर्बाद हुआ है, जहां बड़े अधिकारियों के शासकीय आवास व शासकीय कार्यालय भी स्थित हैं। जनता की मांग है कि लापरवाह ठेकेदार व गड़बड़ी में सहभागी अधिकारियों तथा कर्मचारियों पर कार्रवाई करे।



## मिट्टी कटाव से धसका पुल, 6 गांव से अधिक का संपर्क टूटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत जमारा सुरीला कला ठेंगावणी साहित्य खपरखेड़ा 6 गांव का संपर्क टूट गयाहै। अचानक तेज बारिश होने से निर्मला दिन पुल भी धराशाईहो गया जिसमें ठेकेदारके द्वारा निर्माण कार्य में जो लापरवाही की गईथी वह भीसामनेआई है।

ठेकेदारके द्वारा पल के पास मिट्टी के ढेर लगा दिएथे। लेकिनतेज बारिशके कारण मिट्टी नीचे चली गई 6 गांव का संपर्कटुट गया है। लोगों को पैदल निकलना मुश्किल होरहा है।

शासन के द्वारा कोईववस्था नहीं की गई है बच्चों को स्कूल आना भी बंद हो गया है। बच्चे गांव में ही रह रहेहै पैदल आना पड़ रहा है पालक एवं बच्चे सभी परेशान हैं ठेकदारद्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है ग्राम वासियों ने अस्थाई व्यवस्था करने की बात की है।

### 50वें वर्ष में वैष्णो देवी दर्शन करने जत्था रवाना



**इटारसी।** गुरुवार सुबह झेलम एक्सप्रेस से करीब तीन सौ भक्त माता वैष्णों के दर्शन करने के लिए निकले हैं। माता वैष्णोदेवी दर्शन यात्रा का यह पचासवा वर्ष है। भक्तों का यह दल कल 4 जुलाई को कटरा पहुंचेगा जहां शाम को भंडारा होगा और भजन-कीर्तन के बाद माता के दर्शन के लिए पहाड़ की चढ़ाई प्रारंभ की जाएगी। 5 जुलाई को सभी भक्त माता के दर्शन करेंगे। यात्रा समिति के संयोजक सतीश बतरा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शहर के करीब 300 श्रद्धालुओं का जत्था आज 3 जुलाई को रवाना हुआ। श्री दुर्गा चौक स्थित मंदिर से माता का दरबार सजाकर रेलवे स्टेशन ले जाया गया है। सभी यात्री रेलवे स्टेशन से झेलम एक्सप्रेस से रवाना हुए।

## अधिकारियों ने किया निरीक्षण लेकिन समस्या जस-की-तस




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्टेट हाईवे पर गौतम वार्ड में मोड़ पर जल भराव की समस्या लंबे समय से है। बरसात में यह समस्या और बड़ी बन जाती है। लगातार समाचारों के प्रकाशन व जन शिकायतों के बाद गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खनोरकर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने रोड पर पानी भरने की समस्या के संबंध में निरीक्षण किया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उक्त समस्या को अतिशीघ्र हल करने के लिए नप की संबंधित शाखा को निर्देशित किया है। मामले में नागरिकों का कहना है कि निरीक्षण तो पहले भी कई बार जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने किए हैं लेकिन समस्या जस की तरह से नागरिकों है दो टूक शब्दों में जनप्रतिनिधियों को सूचना दी है कि अब निरीक्षण करना बंद करें एवं समस्या का निराकरण करें।

## खबर संक्षेप

### जीजा की हत्या के मामले में साले को हुई उम्रकैद की सजा

**हरदा।** जीजा की हत्या के मामले में साले को आजीवन कारावास की सजा मिली है। साथ ही कोर्ट ने 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। घटना 20 जून 2024 की है। चेतन राजपूत को परिजन मृत अवस्था में जिला अस्पताल लेकर आए थे। पुलिस को मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले। जांच में सामने आया कि 19-20 जून की रात को मृतक चेतन और उसकी पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। स्टील के पाइप से की पिटाई पत्नी ने अपने भाई को फोन कर बताया था की पति चेतन मारपीट कर रहा है। इस पर आरोपी गोलू उर्फ धीर सिंह (34) मौके पर पहुंचा। आरोपी ने गुस्से में स्टील के पाइप से जीजा चेतन की पिटाई कर दी। चेतन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सबूतों के आधार पर दोषी करार मृतक की पीठ, हाथ, जांघ सहित अन्य जगहों पर चोट के निशान मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया। जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया। कोर्ट ने सभी सबूतों के आधार पर आरोपी गोलू को दोषी करार दिया।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 को की जाएगी आयोजित

**सीहोर।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 जुलाई को सायं 4.00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जावेगी। बैठक में कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये कर्मचारी हित की मांग/एजेण्डा/विषयों पर चर्चा की जावेगी।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 4 को मुख्यमंत्री वितरित करेंगे लैपटॉप

**सीहोर।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप वितरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे।

### सिविल सेवा परीक्षा की निशुल्क कोचिंग के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**सीहोर।** आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा द्वारा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की निःशुल्क कोचिंग क्लासेस संचालित की जा रही है। कोचिंग के संयुक्त संचालक श्री रामलखन मीणा ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के नवीन बेच के लिए सीहोर बस स्टैंड स्थित नगरपालिका के लाइब्रेरी हाल पर प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया संबंधी जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9630226814, 8225060993 पर संपर्क किया जा सकता हैं।

### हर रोज सुबह बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाजार में सड़क पर वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है।

## कलेक्टर ने कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# पुलिस, राजस्व व खनिज विभाग का दल अवैध उत्खनन रोकने की कार्रवाई करे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कानून व्यवस्था संबंधित समीक्षा बैठक में खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खनिज के अवैध परिवहन, भण्डारण व उत्खनन के विरूद्ध नियमित रूप से कार्यवाही जारी रहे तथा लगातार प्रकरण बनाये जायें। उन्होने निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों वसूली आदेश जारी किये गये, उनमें वसूली भी की जाए। उन्होने निर्देशित किया कि खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग का संयुक्त दल बनाकर अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होने निर्देश दिये कि वन क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नियमित रूप से सैम्पल लेकर जांच के लिये भेजा जाए तथा अमानक एवं अपमिश्रित खाद्य पदार्थ पाये जाने पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर जैन ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को निर्देश दिये कि सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित पशुओं को हटाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, वन मण्डल अधिकारी अनिल चौपड़ा एवं संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### पीड़ित पक्ष को राहत राशि दिलाई गई

कलेक्टर जैन ने बैठक में निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित पक्ष को राहत राशि नियमानुसार दिलाई जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में अभी तक अनुसूचित जाति अत्याचार के 21 प्रकरणों में 17.50 लाख रुपए की राहत पीड़ित पक्ष को दिलाई गई है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति अत्याचार के 3 प्रकरणों में 9.75 लाख रुपए की राहत पीड़ित पक्ष को दिलाई गई है। इस तरह कुल 24 प्रकरणों में 27.25 लाख रुपए की राहत पीड़ति पक्ष को दिलाई गई है। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में निर्देश दिए कि पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण किया जाए, तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोषी एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने स्कूल बसों की नियमित रूप से जांच करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिये।

### यात्री बसों की फिटनेस व परमिट चेक करें

उन्होने यात्री बसों की फिटनेस व परमिट चेक करने के लिये भी कहा। उन्होने कहा कि यात्री बसें परमिट अनुसार निर्धारित मार्ग पर चलें, यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने यात्री वाहनों के ड्राइवरों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन परमिट और बसों की फिटनेस चेक करने के लिये विशेष अभियान प्रारम्भ करने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारी को दिये। उन्होने निर्देश दिये कि ट्रेक्टर ट्रालियों व बड़े वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाये जायें ताकि दुर्घटना की संभावनाओं को कम किया जा सके।

### कलेक्टरने लिया जायजा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को उत्कृष्ट विद्यालय हरदा पहुँचकर वहां आयोजित होने वाले जिला स्तरीय लेपटॉप वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री जैन ने इस दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के लिये की जा रही व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होने इस दौरान अधिकारियों को कार्यक्रम के लिये पर्याप्त बैठक व्यवस्था तथा लाइव प्रसारण के लिये एलईडी स्क्रीन लगाने के निर्देश भी दिये।

## पुलिस की कार्रवाई

# महिला की मिली थी लाश हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



21 जून की सुबह 8 बजे जसवाड़ी रोड से भंडारिया गांव के बीच एक अज्ञात महिला की खून से सनी हुई अर्धनग्न अवस्था में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान पुलिस बल व चौकी रामनगर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के सिर पर पत्थर से वार किया गया था जिससे उसकी मृत्यु होना प्रतीत हो रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। सूचनाकर्ता निर्मल नीलकंठ की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। मृतका की पहचान अनिता उर्फ पूजा पति संतोष, उम्र 40 वर्ष, निवासी दादा वार्ड संजय नगर खंडवा के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारणेडकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। घटनास्थल से मिले भौतिक व परिस्थितिजन्य साक्ष्य, आसपास के सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर रामनगर क्षेत्र में रहने वाले दो संदिग्ध युवकों प्रिंस पिता विनोद शर्मा, उम्र 19 वर्ष, निवासी नई मल्टी चीरा खदान रामनगर एवं दिवाल उर्फ राधे पिता जगदीश, उम्र 25 वर्ष, निवासी सुंदर नगर रामनगर को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 20 जून की रात 8 बजे उन्होंने मृतका को स्कूटी पर बैठाकर रामनगर शराब दुकान से बीयर व शराब खरीदी। शराब पी। जब मृतका ने शारीरिक संबंध बनाने से इनकार किया और परिजनों को बताने की बात कही, तब दोनों ने जबरन दुष्कर्म किया। सिर पर पत्थर से वार कर हत्या का प्रयास किया। बाद में यह सोचकर कि वह जीवित न बच जाए, दोनों आरोपी दोबारा लौटे और चेहरा कुचलकर उसकी हत्या कर दी।

## स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है

# खरगोन ओर देवास जिले में स्थानांतरित हुए पटवारियों का सम्मान कर दी विदाई



**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस वर्ष संविलयन नीति के माध्यम से प्रदेश भर के लगभग 650 पटवारियों के गृह जिले में स्थानांतरण किये है। इसी क्रम में जिले की हंडिया तहसील से खरगोन ओर देवास जिले में स्थानांतरित हुए। पटवारी लोकेन्द्र बामनिया ओर विजेन्द्र पंवार को मध्यप्रदेश पटवारी संघ की तहसील शाखा ने गरिमामयी कार्यक्रम में सम्मान करते हुए विदाई दी। उक्त जानकारी देते हुए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी राजीव जैन ने बताया कि स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है किंतु अपने घर पहुंचने की खुशी एक अलग बात है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संविलयन निती के तहत प्रदेशभर में लगभग 650 पटवारियों को उनके गृह जिले में पहुंचाया है। इससे स्थानांतरित साथीयों में खुशी का माहौल है। हंडिया तहसील के दो पटवारी साथी लोकेन्द्र बामनिया ओर विजेन्द्र पंवार का उनके गृह जिले में स्थानांतरण हुआ है।

### संगठन की परंपरा के अनुसार दोनों साथियों का सम्मान किया

हमारे संगठन की परंपरा के अनुसार दोनों साथीयों का शाल श्रीफल ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिले में स्थानांतरित नायब तहसीलदार के रिडर नवीन चौरे बाबू का भी पटवारी संघ ने शाल श्रीफल ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अपर तहसीलदार आशीष मिश्रा ने तीनों स्थानांतरित सहकर्मियों का पुष्पहार पहनाकर मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष फूलसिंह उईके, सचिव सुभाष मर्सकोले, लिपिक वितुल यादव, पवन बिरहा, पंकज कानवा, राजस्व निरीक्षक उत्तम पारधे के साथ पटवारी रमेश नाग, अनुराग सिंह, जितेन्द्र चौहान, राम अग्रवाल, अभिषेक नंदमेहर, गजेंद्र बैरागी, हेमलता बाईयां, विनोद जमादार, कोटवार भरत, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह आज, मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री होंगे

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री सारंग अपने प्रवास के दौरान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए प्रत्येक विद्यार्थी 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सारंग प्रातः 7 बजे कार द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर 10:30 बजे हरदा पहुँचकर प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री प्रातः 11:30 बजे भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट भी करेंगे तथा दोपहर 1 बजे हरदा से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### वितरित करेंगे लैपटॉप की राशि

मुख्यमंत्री भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप के लिये राशि वितरित करेंगे। 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग की अध्यक्षता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय टिमरनी व खिरकिया में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज अध्यक्ष हिमांशु जाटव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सलेंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि वर्तमान में छात्र-छात्राऐं प्रवेश लेने कॉलेज में बड़ी संख्या में आ रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल बंद हो गया है छात्र- छात्राएं प्रवेश लेने से वंचित रह गए हैं।

## श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन सुविधा

# मंदिर की वेबसाइट पर जाकर घर बैठे करें ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का पूजन व दर्शन



**खंडवा।** ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में अब श्रद्धालु घर बैठे ही जलाभिषेक, पूजन और आराधना का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा ई-आराधना के माध्यम से ऑनलाइन पूजा व शीघ्र दर्शन की सुविधा शुरू की गई है। श्रद्धालु मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर महामृत्युंजय जाप, पार्थेश्वर पूजन, पंचामृत पूजन, नर्मदा आरती, नर्मदा पूजन और जलाभिषेक जैसी पूजाएं बुक कर सकते हैं। पूजा के लिए वेबसाइट पर तिथि व समय का चयन कर बुकिंग करनी होगी। निर्धारित समय पर श्रद्धालु वीडियो लिंक के माध्यम से पूजन और अभिषेक में ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं। पूजन के पश्चात मंदिर प्रशासन द्वारा प्रसाद को स्पीड पोस्ट के माध्यम से श्रद्धालुओं के घर भेजने की व्यवस्था भी की गई है। जो श्रद्धालु मंदिर में आकर दर्शन करना चाहते हैं, उनके लिए शीघ्र दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत वेबसाइट पर जाकर 300 रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर समय और दिनांक का चयन कर शीघ्र दर्शन बुक किए जा सकते हैं। बुकिंग के बाद श्रद्धालु को एक डिजिटल टोकन प्राप्त होता है, जिसे मंदिर परिसर में दिखाने पर रिस्ट बैंड प्रदान किया जाता है। इस रिस्ट बैंड के माध्यम से बिना लंबी प्रतीक्षा के कम समय में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए जा सकते हैं।

## गांवों में दौरे पर पहुंचे

# ग्रामों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**खंडवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने गुरुवार को खालवा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर स्वास्थ्य संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दूरस्थ वनग्राम गोलखेड़ा, रोशनी, मेहलू, इमलीढ़ाना, लंगोटी, पटाजन, आवलिया और फेफरी सरकार में मौजूद अस्पतालों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जुगतावत ने स्वास्थ्य कर्मियों से गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की जानकारी ली तथा ग्राम आवलिया में ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड के पंजीयन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बीएमओ शैलेन्द्र कटारिया को निर्देश दिए कि धरती आबा अभियान के अंतर्गत सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं और गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन व टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

## सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए

# नर्मदा नगर में विकसित किया पार्क बना ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र



**खंडवा।** ग्राम पंचायत नर्मदा नगर में 15वें वित्त आयोग की राशि से लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया पार्क इन दिनों ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पार्क में विभिन्न प्रजातियों के फूल और सजावटी पौधे लगाए गए हैं, जिससे इसकी सुंदरता और अधिक बढ़ गई है। ग्रामीणों के टहलने के लिए यहां पाथवे का निर्माण किया गया है, साथ ही आकर्षक फव्वारा भी लगाया गया है। पार्क की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसमें सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और आकर्षक लाइटिंग की गई है, जिससे शाम के समय इसकी रौनक देखते ही बनती है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए पार्क में ओपन जिम की स्थापना भी की गई है, जहां युवा वर्ग नियमित रूप से व्यायाम कर रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गोड़ा के अनुसार, इस पार्क में प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण पहुंचकर सुकून का अनुभव कर रहे हैं और ओपन जिम का लाभ उठाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहे हैं।सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए

# 48 आरक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले में आरक्षक पद पर नव चयनित 48 अभ्यर्थियों ने पुलिस लाइन सीहोर में ज्वॉइनिंग दी। इनमें 32 पुरुष और 16 महिला 48 आरक्षक शामिल हैं। सभी को एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने ज्वॉइनिंग प्रमाण पत्र सौंपे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में SP दीपक कुमार शुक्ला ने सभी नव आरक्षकों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें विभाग में नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को अनुशासन और ईमानदारी से सेवा देने की सीख दी।

**प्रशिक्षण में सीखेंगे तकनीकी और आधुनिक पुलिसिंग :** एसपी श्री शुक्ला ने नव




आरक्षकों को सीसीटीएनएस, ई-विवेचना, ई-साक्ष्य और साइबर क्राइम जैसे तकनीकी विषयों को गंभीरता से सीखने की बात कही। उन्होंने कहा कि आधुनिक और स्मार्ट पुलिस फोर्स तैयार करना हमारा लक्ष्य है।

**सेवा में संवेदनशीलता और दक्षता पर दिया जोर :** उन्होंने नव आरक्षकों को बताया कि पुलिसिंग का अर्थ केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि आमजन का विश्वास भी बनाए रखना है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक रूप से दक्ष रहना आवश्यक है।

**प्रशिक्षण केंद्रों पर भेजे जाएंगे नव आरक्षक:** जल्द ही सभी नव आरक्षकों को विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर भेजा जाएगा, जहां वे कानून, अनुशासन और आधुनिक पुलिसिंग की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव और एसपी कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# 24 घंटे में 55 मिमी तक बारिशः इस साल अब तक 217 मिमी वर्षा दर्ज, पिछले साल से 63 मिमी ज्यादा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले में मानसून की सक्रियता से बीते 24 घंटे में अच्छी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा वर्षा श्यामपुर में 55 मिमी मापी गई। सीहोर में 47 मिमी, रेहटी में 17.6 मिमी, बुधनी में 9 मिमी और भेरूंदा में 6 मिमी बारिश दर्ज की गई। सीहोर नगर और आसपास के इलाकों में मंगलवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। कहीं तेज, तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। दोपहर तक घने बादल छाए रहे और सूरज की किरणें नजर नहीं आईं। आसमान में काले बादलों के साथ तेज हवाएं भी चलती रहीं।

**अब तक औसत से ज्यादा बारिशः** मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश जारी रहने की संभावना है। इस मानसून सीजन में अब तक जिले में कुल 217 मिमी बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी समय तक 154 मिमी बारिश हुई थी। इस साल अब तक 63 मिमी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है।